## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय, फर्रूखाबाद की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" (DWSM) समिति की दिनांक 25.05.2023 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त।

पत्रांक– 695 / JJM-3 / 111 दिनांक 27-05-2023

जिलाधिकारी, फर्रूखाबाद की अध्यक्षता में प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, नमामि गंगे जलापूर्ति अनुभाग–1 के शा0दे0–95/छिहत्तर–1–2020–20 स्वजल/2010 टी0सी0–अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी, 2020 के द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता मिशन जल शक्ति मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के संगणनात्मक स्वरूप को और सुदृढ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211/38–5–2010–20 स्वजल/2010(टी0सी0–अ), दिनांक 29 नवम्बर 2019 को संशोधित करते हुये जनपद स्तर पर गठित "पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति की बैठक दिनांक 25.05.2023 को आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों का विवरण उपस्थित पंजिका मे अकिंत है। **(संलग्नक–1)**

**(1.) फेज–2 के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की भौतिक प्रगतिः–**

अधिशासी अभियन्ता एवं सदस्य सचिव खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) फर्रूखाबाद द्वारा अवगत कराया गया है कि जल जीवन मिशन फेज–2 के अन्तर्गत 255 नग ट्यूबबेल के सापेक्ष 168 नग ट्यूबबेल का कार्य पूर्ण कर दिया गया है तथा 227 नग उच्च जलाशय के सापेक्ष 132 नग उच्च जलाशय पर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है जिसमें से 04 नग उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण कर दिया गया है तथा 1817 कि0मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष 975 कि0मी0 वितरण प्रणाली का कार्य पूर्ण कर दिया गया है। 216 नग सोलर के सापेक्ष 39 नग सोलर स्थापित कर दिये गये है।

कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि को सभी अवशेष ट्यूबबेल का कार्य 30 जून, 2023 तक पूर्ण करने, अवशेष 95 नग उच्च जलाशयों पर कार्य अतिशीध्र प्रारम्भ करने, अवशेष 177 नग सोलर प्लान्ट अतिशीध्र लगाने हेतु निर्देश दिये गये तथा जिन ग्रामों में वितरण प्रणाली बिछाकर पेयजल गृह संयोजन पूर्ण कर वितरण प्रणाली बिछाये जाने हेतु खोदी गई सडको की मरम्मत अति–शीध्र पूर्ण कराया जाये, इसके अतिरिक्त जिन ग्रामों में 90 प्रतिशत पेयजल गृह संयोजन किये जा चुके है उनके अवशेष गृह संयोजन अति–शीध्र कराते हुये ग्राम को हर घर जल से संतृप्त करें ।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा प्रस्तुत बार चार्ट के अनुसार कार्य निम्नवत् पूर्ण होगे।

| Work Discription | Scope | Achievement as 20-04-2023 | Achievement as 24-05-2023 | Achievement from 20-04-2023 to 24-05-2023 | Weekly Average Achievement | Weekly Target (Till 15th June) as per JJm | Target proposed by firm | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | Completion Till | Weekly Average Target |
| Tubewell | 255 Nos. | 153 Nos. | 168 Nos. | 15 Nos. | 04 Nos. | 20 Nos. | July 2023 | 09 Nos. |
| OHT | 227 Nos. | 95 Nos. | 132 Nos. | 37 Nos. | 09 Nos. | 26 Nos. | June 2023 | 16 Nos. |
| | 227 Nos. | 0 | 04 Nos. | 04 Nos. | 01 No. | 26 Nos. | July 2024 | 04 Nos. |
| Pipe Laying | 1817 (Km) | 820 (KM) | 975 (Km) | 155 (km) | 25 (Km) | 99 (km) | March 2024 | 20 (km) |
| Solar | 216 Nos. | 35 | 39 Nos. | 04 Nos. | 01 No. | 34 Nos. | April 2024 | 04 Nos. |

जोकि निर्धारित समय सीमा से अधिक है। फर्म द्वारा प्रस्तावित कार्यो को पूर्ण करने हेतु बार चार्ट की समीक्षा अधोहस्ताक्षरी द्वारा की गई तथा निर्देश दिये गये कि समस्त कार्यो को दिसम्बर, 2023 तक पूर्ण करने के अनुसार पुनरीक्षित बार चार्ट प्रस्तुत करे।

**(2.) फेज–3 के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की भौतिक प्रगतिः–**

अधिशासी अभियन्ता एवं सदस्य सचिव खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) फर्रूखाबाद द्वारा अवगत कराया गया है कि जल जीवन मिशन फेज–3 के अन्तर्गत 158 नग ट्यूबबेल के सापेक्ष 66 नग ट्यूबबेल का कार्य पूर्ण कर दिया गया है तथा 159 नग उच्च जलाशय के सापेक्ष 32 नग उच्च जलाशय पर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है तथा 1617.50 कि0मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष 640 कि0मी0 वितरण प्रणाली का कार्य पूर्ण कर दिया गया है। 123 नग सोलर के सापेक्ष वर्तमान में किसी भी योजना पर सोलर प्लान्ट स्थापित नही किये गये है।

कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि को सभी अवशेष ट्यूबबेल का कार्य 30 जून, 2023 तक पूर्ण करने, अवशेष 117 नग उच्च जलाशयों पर कार्य अतिशीध्र प्रारम्भ करने, अवशेष 123 नग सोलर प्लान्ट अतिशीध्र लगाने हेतु निर्देश दिये गये तथा जिन ग्रामों में वितरण प्रणाली बिछाकर पेयजल गृह संयोजन पूर्ण कर वितरण प्रणाली बिछाये जाने हेतु खोदी गई सडको की मरम्मत अति–शीध्र पूर्ण कराया जाये, इसके अतिरिक्त जिन ग्रामों में 90 प्रतिशत

Scanned with OKEN Scanner

पेयजल गृह संयोजन किये जा चुके है उनके अवशेष गृह संयोजन अति–शीघ्र कराते हुये ग्राम को हर घर जल से संतृप्त करें

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा प्रस्तुत बार चार्ट के अनुसार कार्य निम्नवत् पूर्ण होगे।

| Work Discription | Scope | Achievement as 20-04-2023 | Achievement as 24-05-2023 | Achievement from 20-04-2023 to 24-05-2023 | Weekly Average Achievement | As per JJMUP Portal Till 15th June Weekly Target | Target proposed by firm | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | Completion Till | Weekly Average Target |
| Tubewell | 158 Nos. | 46 Nos. | 66 Nos. | 20 Nos. | 04 Nos. | 20 Nos. | July 2023 | 08 Nos. |
| OHT | 149 Nos. | 13 Nos. | 32 Nos. | 19 Nos. | 04 Nos. | 26 Nos. | June 2023 | 20 Nos. |
| | 149 Nos. | 0 | 0 | 0 | 0 | Not Mentioned. | January 2024 | 05 No. from August 2023 |
| Pipe Laying | 1617(Km) | 360 (KM) | 640 (Km) | 279.50 (km) | 62.5(Km) | 252 (km) | December 2023 | 35 (km) |
| Solar | 123 Nos. | 0 | 0 | 0 | 0 | 25 Nos. | January 2024 | 05 Nos. |

फर्म द्वारा प्रस्तावित कार्यो को पूर्ण करने हेतु बार चार्ट की समीक्षा अधोहस्ताक्षरी द्वारा की गई तथा निर्देश दिये गये कि समस्त कार्यो को दिसम्बर, 2023 तक पूर्ण करने के अनुसार पुनरीक्षित बार चार्ट प्रस्तुत करे।

इमप्लीमेन्ट एजेन्सी आई0एस0ए0 को निर्देश दिये गये कि वह ग्रामों में जाकर ग्रामीण पेयजल समिति के सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित कर ग्रामवासियों के साथ बैठक कर गृह संयोजन कराने एवं जल संचयन हेतु जागरूक करे तथा कार्यदायी एजेन्सियों को निर्देशित किया गया कि समस्त योजनाओं के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यो पर एक साथ कार्य कराये जिससे योजना के समस्त कार्य ससमय पूर्ण कर ग्रामवासियों को जलापूर्ति से लाभान्वित किया जा सके।

**धन्यबाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

**जिलाधिकारी/अध्यक्ष**
**"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति**
**फर्रुखाबाद**

<u>पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार</u>

<u>प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।</u>

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक "राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, किसान बाजार विभूती खण्ड, गोमती नगर लखनऊ।
3. मुख्य विकास अधिकारी फर्रुखाबाद।
4. जिला विकास अधिकारी फर्रुखाबाद।
5. परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण फर्रुखाबाद।
6. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) फर्रुखाबाद।
7. जी0वी0पी0आर0 इंजी0लि0 हैदराबाद।
8. वी0टी0एल0 गजा इंजीनियर्स प्रा0लि0 जे0वी0 नोएडा।

**जिलाधिकारी/अध्यक्ष**
**"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति**
**फर्रुखाबाद**

Scanned with OKEN Scanner